जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान
14 मार्च 2023

## कांग्रेस में लोकप्रियता के शिखर पर तिलोक राठोड

# जमीनी धरातल पर जनता के बीच तेजी से लोकप्रिय होते जा रहे कांग्रेस नेता श्री तिलोक राठोड मीशन 2023 में टिकिट की दोड़ में सबसे अग्रसर

## गांवों में लगातार चौपालों एवं शहरी क्षेत्रों में सघन जनसम्पर्क ने बनाया कांग्रेस में श्री तिलोक राठोड़ को जनप्रिय नेता

बड़वाह -नवरत्नमल जैन

**प्रदेश में अब 2023 के विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा एवं कांग्रेस दोना ही दलों में राजनैतिक सरगर्मियां तेज हो चुकी है । दोनो ही राजनैतिक दलों के शीर्ष नेतृत्व इस बात को लेकर सर्वे करवा रहे है कि किस सीट पर कौन उम्मीदवार है जो जीत हांसिल कर प्रदेश में पुनः सरकार बनाने में अपना योगदान दे सके । गुजरात की तर्ज पर भाजपा ने जहां अपने वर्तमान विधायकों को इशारा कर दिया है कि जनता के बीच जाकर अपनी स्वीकार्यता बढावे वरना विपरीत सर्वे रिपोर्ट आने पर टिकिट कटते देर नही लगेगी वहीं कांग्रेस में श्री कमलनाथ अपने स्तर पर प्रत्येक विधानसभा सीट पर टिकिट के दावेदारों की जनता में लोकप्रियता एवं स्वीकार्यता पर लगातार सर्वे करवा करा कर हर हालत में जीत सकने योग्य उम्मीदवार को ही टिकिट देने का मन बना चुके है ।**

### बड़वाह विधानसभा सीट बनी भाजपा एवं कांग्रेस दोनो ही दलों के लिये प्रतिष्ठा का प्रश्र

खरगोन जिले की बड़वाह विधानसभा सीट पर हर हालत में जीत हांसिल करना दोनों ही दलों ने अपनी अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है । क्यो कि लगातार 2 दशक से यह साबित हुआ है कि बड़वाह में जिसने जीत हांसिल की प्रदेश में उसी दल की सरकार बनी है । 15 वर्षो तक भाजपा के हितेन्द्र सोलंकी ने इस सीट पर जीत हांसिल की तो प्रदेश में तीनो बार भाजपा की सरकार बनी तो 2018 के चुनाव में जब इस क्षेत्र की जनता ने कांग्रेस के टिकिट पर श्री सचिन बिरला को जीत दिलवाई तो प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार बनी। लेकिन कांग्रेस में हुई बगावत के बाद कांग्रेस की सरकार गिर गई और बड़वाह विधायक श्री सचिन बिरला ने भी कांग्रेस का हाथ छोड़कर अब भाजपा के कमल का साथ जा लिया है ऐसे में दोनो ही दलों का एक ही लक्ष्य है इस सीट पर हर हालत में जीत हांसिल करना। भाजपा जहां कांग्रेस से सचिन बिरला की लोकप्रियता के आधार पर इस सीट पर जीत हांसिल करना चाहती है तो कांग्रेस में ऐसे उम्मीदवार की खोज में है जो सचिन बिरला को बगावत की सजा देकर इस सीट पर जीत हांसिल कर सके ।

### कांग्रेस में दावेदारों की लम्बी फोज...

भाजपा सरकार के मुखिया श्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा कांग्रेस छोडकर भाजपा में आये विधायक सचिन बिरला को विधायक का फिर से टिकिट देने के वादे के बाद से ही श्री सचिन बिरला अपना टिकिट तय मानकर अपनी चुनावी तैयारियां प्रारंभ कर चुके है। विकास यात्रा के माध्यम से उन्होने जिस तरह संघन जनसम्पर्क कर अपने जनाधार को मजबूत करने की कोशिश की उससे उनकी मजबूत तैयारियों की झलक स्पष्ट रूप से नजर आरही है । तो दूसरी ओर कांग्रेस में भी अपने पुराने साथी रहे विधायक सचिन बिरला को बगावत की सजा देने के लिये दावेदारों में लम्बी फोज नजर आरही है ।

कांग्रेस में टिकिट के प्रमुख दावेदारों अनेक वर्षो से संगठन में काम करने वाले श्री नरेन्द्र पटेल, समाजसेवा, उदारता,कर्मठ कार्यशैली एवं कार्यकर्ताओं को जोडकर रखने वाले नीलेश रोकडिया,पूर्व पीसीसी सचिव रहे समाज सेवी श्री अशोक जैन तथा वर्तमान में पूरे बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में जमीनी धरातल पर सबसे ज्यादा सक्रीय श्री तिलोक राठोड़ का नाम शामिल है । इसके साथ ही जातिगत समीकरणों के आधार पर श्री सोहनशाह, सोभाग पटेल, इन्दर बिरला और राजपूत लाबी से जितेन्द्र सिंह सोलंकी का नाम भी चर्चा में है ।

### तिलोक राठोड़ के आगमन से बड़वाह कांग्रेस मे नई उर्जा का संचार,टिकिट की दावेदारी में चीते की तेजी से अग्रसर होते जारहे है तिलोक राठोड़



विधायक श्री सचिन बिरला के भाजपा में जाने के बाद बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की राजनीति मानों कोमा के हालातों में चल गई थी। एक ओर जहां सचिन बिरला के साथ जमीनी स्तर पर काम करने वाले अनेक नेता एवं सक्रीय युवा कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया वहीं इतने सालों के बाद सरकार चले जाने तथा फिर अपने ही विधायक की बगावत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तरह निराश नजर आरहे है। दूसरी ओर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बीच क्षेत्र के दिग्गज नेता श्री अरूण यादव को कमजोर करने की साजीशों के कारध बची कुची कसर पूरी होगई। कांग्रेस कई गुटों में बटी हुई नजर आने लगी। कांग्रेस के लिये रीढ की हड्डी रही युवक कांग्रेस को उपेक्षा का शिकार बना दिया गया । ऐसा लगने लगा कि अब भाजपा के लिये कांग्रेस कोई चुनौती नही रही। न कोई आन्दोलन और न कोई ऐसा नेता जो जनता के बीच जाकर उनकी आवाज सुन सके ।क्षेत्र के बडे नेताओं की पहले ही उपेक्षा कर घर बिठा दिया गया था ऐसे हालातों में कांग्रेस की नैया पूरी तरह डगमगाती नजर आरही थी ।

इसी बीच बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अस्तरिया में जन्म लेकर बड़वाह शहर में अपनी शिक्षा दीक्षा पूरा करने वाले तिलोक राठोड का आगमन एक तूफान की तरह हुआ ।उन्होने मात्र 6 माह में ही बड़वाह क्षेत्र में अपनी लगातार सक्रीयता से कांग्रेस में टिकिट की दावेदारी कर रहे उम्मीदवारों की तैयारियों की तासीर ही बदल कर रखदी ।

### अपनी जन्म एवं कर्मस्थली की लगातार उपेक्षा से राजनीति में रखा कदम

इन्दौर में कारोबारी सफलता के बाद पिछले 20 वर्षो से लगातार बड़वाह क्षेत्र की विकास के मायने में उपेक्षा से आक्रोशित मन ने श्री तिलोक राठोड़ को राजनीति में उतरने के लिये प्रेरित किया । अब क्षेत्र के विकास में अपना योगदान देने की भावना के साथ वे सक्रीयता से मेदान में है । श्री तिलोक राठोड़ का कहना है कि बडवाह विधानसभा क्षेत्र विकास के मायने में लगातार पिछडते जारहा है , एक समय था जब श्री सुभाष यादव जी ने क्षेत्र में नहरों का जाल बिछाकर किसानों के खेतों तक पानी पहूंचाया था और श्री अरूण यादव यादव जी ने सेल्दा का पावर प्लांट लगवाकर औधोगिक विकास की कोशिश की थी लेकिन उसके बाद से आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने गंभीरता से इस ओर ध्यान नही दिया । आज क्षेत्र के युवाओं को बेराजगारी का सामना करना पड रहा है । नेताओं की गुटबाजी के चलते कांग्रेस का संगठन अनेक धडों में विभाजित होगया है । उनका कहना है कि लोग कांग्रेस की ओर आशा भरी नजरों से देख रहे है लेकिन उनकी आवाज उठाने एवं सुनने को कोई तैयार नही । ऐसे में कांग्रेस की मजबूती में अपना योगदान देने तथा अपनी जन्म एवं कर्मभूमि के लिये कुछ करने का उद्देश्य लेकर क्षेत्र की राजनीति में सक्रीय हुआ ।

### 6 माह की सक्रीयता और हर जुबां पर तिलोक राठोड़ का नाम चर्चा में

राजनीति में कोई व्यकित किसी को अपने समकक्ष आने की इजाजत नही देता। वहां पर अपना स्थान खुद को बनाना होता है । श्री तिलोक राठोड के लिये भी बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में पुराने राजनैतिक दिग्गजों के बीच अपनी जगह बनाना कोई आसान बात नही थी । उनके पास न किसी स्थानीय बडे स्थानीय नेता का समर्थन था और न क्षेत्र के कांग्रेस संगठन एवं कार्यकर्ताओं में खास पहचान लेकिन इसके बावजूद भी उन्होने अपना रास्ता खुद बनाया और चंद साथियों के सहयोग से बढते कदम लम्बे कारवा में बदल गया । उन्होने भी एकला चालों की तर्ज पर अपनी व्यावसायिक बुद्धि का इस्तेमाल एवं मिडिया तंत्र के माघ्यम से प्रारंभिक पहचान बनाई और फिर सामाजिक ,धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनो में अपनी भागीदारी कर व्यापक पहूंच बनाना प्रारंभ किया । एक चतुर राजनीतिज्ञ की तरह उन्होने उन वर्गी को सबसे पहले अपने साथ जोडने का प्रयास किया जो वर्तमान में किसी न किसी उपेक्षाओं के चलते कांग्रेस से दूर होते जारहे है। आज आदिवासी, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं मुस्लिम समाज के साथ ही युवक कांग्रेस का व्यापक समर्थन श्री तिलोक राठोड़ के साथ है । वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से लेकर सभी गुटों के कार्यकर्ताओं से वे लगातार मिले । सचिन बिरला के भाजपा में जाने के बाद उपेक्षित युवक कांग्रेस को उन्होने भारत जोडों यात्रा के दौरान खुद से जोडा और धीरे धीरे कारवा बढ़ता गया ।

भाजपा से जमीनी लडाई ,गांवों में चोपाल और समस्याओं का तत्काल निराकरण बढाता जारहा है श्री राठोड का जनाधार

एक समय था जब बड़वाह क्षेत्र में कांग्रेस नेता श्री कुलदीप सिंह भाटिया अपने निवास पर लोगो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया करते थे लेकिन कई वर्षो से कांग्रेस में लोगों की समस्याओं को सुनने वाले नेता एवं स्थान का अभाव होता गया । नये युवक कांग्रेस के साथ जुडने से कतराने लगे और पुराने अपनी उपेक्षा से निराश । ऐसे में नये नवेले श्री तिलोक राठोड ने बडवाह में बस स्टेंड रोड़ पर नगरपालिका के सामने अपना कार्यालय खोलकर न केवल लोगों की समस्याओं को सुनने एवं उन्हे कांग्रेस एवं खुद से जोडने का सिलसिला प्रारंभ किया बल्कि रोजाना सुबह 11 बजे से विधान सभा क्षेत्र के गांव गांव में जाकर वे चोपालों के माध्यम से लोगो की समस्याओं को सुनते है और अपने व्यक्तिगत रूप से उनका निराकरण कर अपने चाहने वालों की सख्या में निरंतर वृद्धि कर रहे है ।

### क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अब सड़क से लेकर प्रशासन तक बुलंद आवाज


श्री तिलोक राठोड़ ने अब जनता की नब्ज को पहचानना प्रारंभ कर दिया है । अब उन्होने जनसमस्याओं के लिये सड़क से लेकर प्रशासन तक अपनी आवाज बुलदं करने का सिलसिला भी प्रारंभ कर दिया है । पिछले दिनों उन्होने क्षेत्र में बढती बेरोजगारी,उपेक्षित विकास ,एवं किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम बड़वाह एसडीएम को ज्ञापन दिया तो भाजपा सरकार को सद् बुद्धि की कामना के साथ हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन कर एक नई राजनीति की शुरूआत भी की । कुछ लोग उन पर पैसे के बलबूते पर प्रचार पाने की राजनीति करने का आरोप लगाते है । शुरूआती दौर में यह आरोप सही भी माना जा सकता है लेकिन अब इसमें कोई दौराय नही कि वे वर्तमान में कांग्रेस में सबसे सक्रीय नेता नजर आरहे है ।जो चाहे राजनीति हो या विरोध प्रदर्शन, सांस्कृतिक आयोजन हो

### टिकिट की राह नही आसान लेकिन जनसमर्थन के बलबूते पर असंभव भी नही..

अनेक दिग्गज एवं पुराने दावेदारों के बीच श्री तिलोक राठोड़ के लिये टिकिट की राह आसान नही है । लेकिन जिस तरह का जनसमर्थन एवं लोगों में निरंतर उनकी स्वीकार्यता बढती जारही हैउससे सर्वे में उनके नाम का अग्रणी मोर्चे पर आना असंभव नही है । उनका भी यही कहना है कि मुझे पूरा विश्वास है कि पाटी ऐसे व्यकित को टिकिट देगी जिसके साथ जनसमर्थन होगा । और जिस तरह लोगों का प्यार , स्नेह एवं साथ मुझे मिल रहा है उससे कोई भी लक्ष्य अंसभव नजर नही आरहा ।

कुल मिलाकर श्री तिलोक राठोड़ का नाम आज के समय में बडवाह विधानसभा क्षेत्र की बात करे तो लोकप्रियता के शीर्ष की ओर बढता जारहा है और यदि आने वाले 5 माह तक उनकी यही गति बनी रहती है तो पार्टी में उनके नाम को नजरअंदाज करना मुश्किल होगा ।














4 करोड़ 83 लाख के विकास कार्यो के भूमिपूजन

मुख्यमंत्री अधो सरंचना तृतीय चरण योजना से -179 लाख
वार्ड 01- कालंका माता मन्दिर से नागमन्दिर तक सीसीरोड एवं नाली निर्माण
वार्ड 04- राजू गोहर के घर से पावती केलाश के घर तक सीसीरोड़ एवं नाली
वार्ड 18-टी स्टाल से एसडीएम कार्या. एवं नपा आवासीय परिसर में डामर रोड़ एवं नालीनिर्माण

कायाकल्प योजना से भूमिपूजन 100 लाख
वार्ड 15,18,02 गोल बिल्डिंग से सीआईएसएफ गेट तक सीसी स्ट्रेंथ का कार्य , वार्ड 11 जैन बस सर्विस से रेल्वे स्टेशन गेट तक सीसी स्ट्रेंथ का कार्य , वार्ड 07,04 अगंद टायर से रोहित बोरे के घर तक सीसी स्ट्रेंथ कार्य
वार्ड 03,06 दरबार चाय वाले की दुकान से हनुमान मन्दिर तक बीटी स्ट्रेंथ कार्य

वार्ड 14,15 एम.जी. रोड़ का चोडीकरण एवं नाली निर्माण-लागत 120 लाख,
वार्ड 14 में पूनम ज्वेलर्स से वाईन शाप तक आरसीसी नाली निर्माण- 15.37 लाख,वार्ड11 स्थित इन्द्रा मार्केट में शोचालय निर्माण-06.24 लाख
वार्ड 07 में एलआईसी आफिस के पीछे शोचालय निर्माण ,14.89 लाख
वार्ड 18 में कांजी हाउस निर्माण कार्य, 18.00 लाख, वार्ड 09 नगरपालिका कार्यालय में बाउंड्री वाल-30.00 लाख

नवनिर्मित शोपिंग सेंटर का
स्व.श्री चंद्रकांत जी गुप्ता के नाम से नामकरण

शुभेच्छु - श्री राकेश गुप्ता (अध्यक्ष )श्री कुशल डूडवे -(मुख्य नगरपालिका अधिकारी), श्री राजेश जायसवाल (उपाध्यक्ष)-
पार्षद गण- श्रीमति जाग्रति नरेन्द्र जायसवाल, श्रीमति नर्मदाबाई बद्री पटेल, श्री नरसिंग सुरागे, श्री गणेश पटेल, श्रीमति विजयलक्ष्मी कृष्णपाल सिंह तौमर, श्री रूपसिंह रावत, श्रीमति सीमा अनिल कानूनगो, श्रीमति रजनी दिलीप भंडारी, श्री विष्णु वर्मा , श्री सुनील चोधरी, श्री रोहित चोरसिया, श्रीमति जसबीर कोर गगन भाटिया, श्रीमति ज्यौति विजय सोनी, श्रीमति मुमताज बी साबिर खान, श्री मजहर मकसूद अली, श्रीमति सोनल विजय महाजन

विनीत -नगर पालिका परिषद-बड़वाह

स्वामित्व, प्रकाशक एवं मुद्रक- नवरत्नमल जैन, 5 बी/3 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर एवं 2/12 एनेक्स श्री कंवर कालोनी बड़वाह से प्रकाशित एवं कॉम्पेक प्रिंटर्स लि. फ्री प्रेस हाऊस 3/54 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर से मुद्रित। प्रधान संपादक -नवरत्नमल जैन - फोन-(07280)224750, मो. 9407133337